an>

Title: Need for a new railway line from Kasganj to Aligarh in Uttar Pradesh.

श्री मुकेश राजपूत **(फरूखाबाद) :** महोदय, मैं आपका बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं कि आपने मुझे जीरो आवर में बोलने का समय दिया। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि पूर्वोत्तर रेलवे के अति व्यस्ततम रेलवे स्टेशन कासगंज को उत्तर रेलवे के अति व्यस्ततम रेलवे स्टेशन अलीगढ़ से जोड़ दिया जाए, जिसकी लम्बाई लगभग 55 किलोमीटर है। यह रेल कनैक्टिविटी होने से दिल्ली से कानपुर सीधा जुड़ जाएगा। इससे एक नहीं, लगभग 9 या 10 लोक सभा क्षेत्रों के लोगों को बैनीफिट मिलेगा।

फरूखाबाद आलू का मुख्य उत्पादन केन्द्र है, जो विश्व में स्थान रखता है। कन्नौज इत्र, सैंट के लिए पूरे विश्व में जाना जाता है। फतेहगढ़ में दो महत्वपूर्ण सामरिक रेजिमेंट्स हैं - राजपूत और सिखलाई रेजिमेंट। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इस सामरिक, आर्थिक महत्व के रेल मार्ग को तुरंत जोड़ने की आवश्यक कार्रवाई करें, जिससे पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के कासगंज, फरूखाबाद, कन्नौज, संभल, मिश्रिख, अकबरपुर, कानपुर, एटा, बदायूं आदि लोक सभाओं के आम आदमी को सीधा दिल्ली से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे रेल विभाग को भी काफी राजस्व मिलेगा और समय बचेगा। इसका प्रस्ताव पास हो चुका है और इसका सर्वे भी हो चुका है। सर्वे में भी इसे बहुत महत्वपूर्ण बताया गया है।